118

# उपायुक्त धनबाद की अध्यक्षता में दिनाक 14.09.2018 को न्यु टाउन हॉल, धनबाद में आयोजित जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के न्यास परिषद की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति**– पंजी के अनुसार।

सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त–सह– सदस्य सचिव, डी0एम0एफ0टी0, धनबाद द्वारा बैठक में उपस्थित माननीय विधायक सिन्द्री, माननीय विधायक, धनबाद, अध्यक्ष जिला परिषद, धनबाद, माननीय सांसद प्रतिनिधि, माननीय विधायक प्रतिनिधि, प्रमुखों एवं उप–प्रमुखों, मुखियाओं, उपमुखियाओं तथा उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक में भाग लेने के लिए धन्यवाद प्रकट किया गया तत्पश्चात् बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी।

उपायुक्त द्वारा बताया गया कि डी0एम0एफ0टी0 के तहत प्राप्त निधि से प्राथमिकता के आधार पर पेयजल आपूर्ति एवं शौचालय निर्माण का कार्य कराया गया है। 12 सामुदायिक शौचालयों का भी निर्माण कराया जा रहा है। मैथन डैम के किनारों पर भी सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें महिलाओं के लिए चेंजींग रूम का भी निर्माण कराया जा रहा है।

बताया गया कि धनबाद जिला में जलापूर्ति की समस्या का समाधान होने के पश्चात् कौन से सेक्टर में कार्य कराया जाना है इसका निर्णय जनप्रतिनिधियों से राय लेकर निर्धारित किया जाएगा।

बताया गया कि वर्तमान में धनबाद जिला में 125 सरकारी चिकित्सकों के स्वीकृत बल के विरूद्ध मात्र 70 चिकित्सक कार्यरत हैं जो विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक उप–स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थापित है। चिकित्सकों की घोर कमी है। जिला में कुल 141 स्वास्थ्य उप–केन्द्र कार्यरत है। चिकित्सा व्यवस्था के सुदृढ़िकरण हेतु चिकित्सकों के लगभग 55 रिक्त पदों के विरूद्ध अनुबंध पर (DMFT के तहत) चिकित्सकों की नियुक्ति का प्रस्ताव लाया गया है। डी0एम0एफ0टी0 के तहत नियुक्त चिकित्सकों से कोलियरी/ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा संबंधी सेवा लिया जायेगा।

गोविन्दपुर प्रखंड में स्वयं सहायता समूह द्वारा जूता / चप्पल का निर्माण किया जा रहा है। निर्मित जूता/चप्पल को सरकारी विद्यालय के छात्र–छात्राओं को आपूर्ति किये जाने की योजना है। स्वयं सहायता समूहों को Skill Development हेतु कोई प्रशिक्षण केन्द्र भवन धनबाद जिला में नहीं है। जिला के बेरोजगार महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर निःशुल्क प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने हेतु एक बहुउद्देशीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कराया जाना आवश्यक है, जिसमें स्वयं सहायता समूह के महिलाओं / पुरूषों को सालों भर प्रशिक्षण दिया जायेगा ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसके लिए एक बहुउद्देशीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण गोविन्दपुर प्रखंड के जंगलपुर में कराये जाने का प्रस्ताव है।

माननीय विधायक, धनबाद द्वारा बताया गया कि मनोरमनगर में पेयजलापूर्ति हेतु पाईप लाईन नहीं बिछाया गया है। शहर के अन्दर लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। निरीक्षण के पश्चात् मनोरमनगर में पाईप लाईन डी0एम0एफ0टी0 निधि से बिछाया जाय।

अध्यक्ष जिला परिषद, धनबाद द्वारा बताया गया कि पूर्व में रॉयल्टी का 20 प्रतिशत राशि जिला परिषद, धनबाद को प्राप्त होता था एवं उक्त प्राप्त रॉयल्टी की राशि से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य कराया जाता था जो 1994 के पश्चात् मिलना बंद हो गया है। जिला परिषद, धनबाद के कर्मचारीगण द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में रीट दायर किया गया है। मॉग किया गया कि उक्त निधि से 30 प्रतिशत राशि जिला परिषद को दिया जाय।

माननीय विधायक झरिया के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि झरिया क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था माडा के जिम्मे है। वर्तमान में माडा की आर्थिक स्थिति दयनीय है इसलिए डी0एम0एफ0टी0 निधि से पाईप जलापूर्ति व्यवस्था बहाल की जाय।

उपायुक्त द्वारा बताया गया कि आवश्यकतानुसार डी0एम0एफ0टी0 से राशि नगर निगम, धनबाद के माध्यम माडा को उपलब्ध कराया जाएगा।

उपस्थित मुखिया, मुरलीडीह, बाघमारा प्रखंड द्वारा बताया गया कि आज भी बहुत सारे पंचायत में पानी की समस्या है। जिन–जिन क्षेत्रों में खनन का कार्य किया गया है वैसे स्थानों का जलस्तर बहुत नीचे चला गया है। वैसे स्थानों का जलस्तर कैसे उपर किया जाय इसपर विचार किया जाना आवश्यक है।



Scanned by CamScanner

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष द्वारा प्राप्त प्रस्ताव की सराहना करते हुए जलस्तर को उपर करने के संबंध में सुझाव दिया गया कि इसके लिए प्रत्येक घर में रेन वाटर हार्वेस्टींग की योजना तथा प्रत्येक पंचायत एवं गॉव में मॉडल रेन वाटर हार्वेस्टींग की योजना लेने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

मुखिया हाथुडीह पंचायत, बाघमारा प्रखंड एवं मुखिया कुसमाटांड पंचायत, बलियापुर प्रखंड द्वारा यह सुझाव दिया गया कि गॉव के बगल में जो नदी बहता है, नदी के पानी को पाईप लाईन से जोड़कर नजदीक के तालाब में नदी के पानी को संरक्षण करने पर गर्मी के दिनों में स्थानीय ग्रामीणों को पानी की कमी से निजात दिलाया जा सकता है। इसी प्रकार बहुत से बंद पड़े खादानों में प्रचुर पानी का भंडार है अगर उक्त पीट वाटर को पाईप लाईन बिछाकर नजदीक के तालाब में पानी को लाया जाय तो इससे भी गर्मी के दिनों में स्थानीय ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात दिलाया जा सकता है।

उपायुक्त, धनबाद द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2, धनबाद को निदेश दिया गया कि संबंधित मुखिया से संपर्क स्थापित कर सर्वप्रथम बाघमारा प्रखंड में एक दो जगह का सर्वे कर प्राक्कलन तैयार कर उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

माननीय विधायक, सिन्दरी द्वारा बताया गया कि धनबाद जिला मे पानी का स्तर बहुत नीचे चला गया है यह बात सत्य है। हमारे पूर्वज लोगों के द्वारा जो तालाब बनाया गया है वर्तमान में उस तालाब में गाद भर जाने के कारण तालाब में जल संरक्षण की क्षमता काफी कम हो गयी है। सर्वप्रथम वैसे तालाबों को चिन्हित कर तालाब से गाद निकाला जाय।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक प्रखंड अन्तर्गत एक–एक बड़ा सरकारी तालाब से गाद निकालने की योजना को ग्राम सभा से पारित कराकर कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय। उक्त कार्य को लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद द्वारा कराया जायेगा।

मुखिया, कालाडाबर, गोविन्दपुर द्वारा बताया गया कि उनके क्षेत्र में पॉच चेक डैम निर्मित हैं जिसमें मिट्टी भर जाने के कारण जल संरक्षण क्षमता कम हो गया है। इसकी सफाई कराने का अनुरोध किया गया।

उपायुक्त, धनबाद द्वारा उप विकास आयुक्त, धनबाद को निदेश दिया गया कि जिले में अवस्थित सभी चेक डैम का जीर्णोद्धार नरेगा से कराया जाय।

मुखिया, टुण्डु ,बाघमारा प्रखंड के द्वारा बताया गया कि टुण्डु स्थित खोदो नदी गर्मी के मौसम में सूख जाता है। वहॉ एक चेक डैम निर्माण करा देने पर पानी गर्मी के दिनों में भी स्थानीय लोगों को उपलब्ध हो सकेगा।

उपायुक्त, धनबाद द्वारा सभी मुखियागण को निदेशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित नदी के कौन सी जगह पानी रोक कर चेकडैम निर्माण कराया जा सकता है ताकि गर्मी के दिनों में पानी उपलब्ध रह सके चिन्हित कर लिखित प्रस्ताव डी0एम0एफ0टी0 कार्यालय को उपलब्ध करावें ताकि लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद से प्राक्कलन तैयार कराया जा सके।

उपायुक्त, धनबाद द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2, धनबाद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाघमारा को निदेश दिया गया कि वे दिनांक 15.09.2018 को पाथरगड़िया खदान से पाईप लाईन के माध्यम से निकटवर्ती तालाब में पानी पहुँचाने के संबंध में स्थल निरीक्षण कर प्राक्कलन तैयार कर उपस्थापित करेंगे। साथ ही उक्त प्राक्कलन में विद्युत अधिष्ठापन का भी प्रस्ताव सम्मिलित करेंगे।

– निर्णय लिया गया कि प्रत्येक प्रखंड में अवस्थित बड़ा तालाब जहॉ सालों भर पानी उपलब्ध रहता है, उसके बगल में शौचालय निर्माण कराने का प्रस्ताव आम सभा से पारित कराकर मुखियागण उपस्थापित करेंगे।

मुखिया, शिवलीबाड़ी, एग्यारकुण्ड प्रखंड द्वारा बताया गया कि शिवलीबाड़ी में जो जलापूर्ति की जा रही है वह पीने योग्य नहीं है।

उपायुक्त, धनबाद द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1, धनबाद को निदेश दिया गया कि वे अविलम्ब एग्यारकुण्ड मुखिया से संपर्क स्थापित कर गंदा जलापूर्ति की जॉच कर समुचित कार्रवाई करें।



Scanned by CamScanner

उप विकास आयुक्त –सह– सदस्य सचिव, डी0एम0एफ0टी0, धनबाद द्वारा उपस्थित सदस्यों को ट्रस्ट में अबतक प्राप्त राशि एवं किये गये व्यय से अवगत कराया गया। जानकारी दी गयी कि धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट को अबतक विभिन्न संस्थानों से रू0 858.872 करोड़ प्राप्त हुआ है तथा प्राप्त राशि के विरूद्ध मुख्यतः व्यक्तिगत /सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं जलापूर्ति से संबंधित योजनाओं पर रू0 340.693 करोड़ रू0 व्यय किया गया है।

उप विकास आयुक्त –सह– सदस्य सचिव, डी0एम0एफ0टी0, धनबाद द्वारा उपस्थित सदस्यों को आज के बैठक में रखे गये सभी प्रस्तावों से अवगत कराया गया तथा सर्वसम्मति से प्राप्त प्रस्तावों के संबंध में निम्नांकित निर्णय लिया गया –

**(1) डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत प्राप्त आवंटन/व्यय तथा व्यय की सम्पुष्टि का प्रस्ताव –**

**प्राप्त आवंटन एवं व्यय (दिनांक 31.08.2018 तक)**

(i) कुल प्राप्त आवंटन (सूद सहित) – 858.872 करोड़

(ii) कार्यान्वयन ऐजेंसी को विमुक्त राशि – 304.693 करोड़

न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्राप्त आय एवं व्यय की गयी राशि को सम्पुष्ट किया गया।

**(2) पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1, धनबाद से प्राप्त प्रस्ताव –**

**(i) गोविन्दपुर/निरसा/एग्यारकुण्ड एवं कलियासोल प्रखंड के बंद नलकूपों को चालू करने की योजना** – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1, धनबाद के द्वारा गोविन्दपुर / निरसा/ एग्यारकुण्ड एवं कलियासोल प्रखंड के प्रति पंचायत 5 अदद बन्द पड़े नलकूपों के पाईपों को बदलकर चालू किये जाने हेतु डी0एम0एफ0टी0 निधि से राशि विमुक्त करने का अनुरोध किया गया है तथा कुल 530 नलकूपों की मरम्मति हेतु 55,05,110.00 रू0 का प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है। योजनायें ग्राम सभा से पारित नहीं है। प्राप्त प्रस्ताव को कार्यालय पत्रांक 99 दिनांक 25.07.2018 के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोविन्दपुर/निरसा/एग्यारकुण्ड एवं कलियासोल को ग्राम सभा के समक्ष आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराने हेतु भेजा गया है।

**योजना की विवरणी निम्नवत है –**

| क्र0 | प्रखंड का नाम | पंचायतों की संख्या | प्रति पंचायत 5 अदद सड़े राईजर पाईप के कारण बंद नलकूपों को चालु किये जाने हेतु संख्या | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गोविन्दपुर | 39 | 39x5= 195 Nos. | Rs. 10387.00x195= 2025465.00 |
| 2 | निरसा | 27 | 27x5= 135 Nos. | Rs. 10387.00x135= 1402245.00 |
| 3 | एग्यारकुण्ड | 20 | 20x5= 100 Nos. | Rs. 10387.00x100= 1038700.00 |
| 4 | कलियासोल | 20 | 20x5= 100 Nos. | Rs. 10387.00x100= 1038700.00 |
| | कुलः | 106 | 530 Nos. | 5505110.00 |

न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्तावित 530 नलकूपों का पाईप बदलने की योजनायें प्राक्कलित राशि 55,05,110.00 रू0 का कार्यान्वयन संबंधित ग्राम सभा से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने प्रस्ताव पारित किया गया।

**(ii) मिनी ग्रामीण जलापूर्ति योजना** – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1, धनबाद के द्वारा 24 अदद बन्द मिनी ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं को चालू करने हेतु तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है तथा डी0एम0एफ0टी0 से राशि विमुक्त करने का अनुरोध किया गया है। योजनायें ग्राम सभा से पारित नहीं है।

**योजना की विवरणी निम्नवत है –**

| क्र0 | योजना का नाम | योजना की स्थिति चालू/बंद | लाभान्वित आबादी | संचालन संस्था | चालू किये जाने हेतु प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Nayanagar MRPWSS | बंद | 460 | VWSC | 277500.00 |
| 2 | Madandih MRPWSS | बंद | 1050 | VWSC | 293500.00 |
| 3 | Kalimati MRPWSS | बंद | 1860 | VWSC | 526600.00 |



Scanned by CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Mallikpara MRPWSS | बंद | 1560 | | 308100.00 |
| 5 | Bardangal MRPWSS | बंद | 1546 | VWSC | 273000.00 |
| 6 | Silika MRPWSS | बंद | 930 | VWSC | 248300.00 |
| 7 | Nero MRPWSS | बंद | 624 | VWSC | 219200.00 |
| 8 | Rampur MRPWSS | बंद | 722 | VWSC | 199400.00 |
| 9 | Machamahul MRPWSS | बंद | 1138 | | 184100.00 |
| 10 | Bandrabad MRPWSS | बंद | 580 | | 223500.00 |
| 11 | Shyampur MRPWSS | बंद | 720 | | 242400.00 |
| 12 | Khairkiyari MRPWSS | बंद | 1550 | VWSC | 526600.00 |
| 13 | Baidhnathpur MRPWSS | बंद | 690 | VWSC | 278900.00 |
| 14 | Kanadih MRPWSS | बंद | 810 | VWSC | 242400.00 |
| 15 | Filterdhoura MRPWSS | बंद | 1220 | VWSC | 308100.00 |
| 16 | Kumardhubi MRPWSS | बंद | 830 | | 308100.00 |
| 17 | Kalipahari MRPWSS | बंद | 980 | | 526600.00 |
| 18 | Benagoria MRPWSS | बंद | 730 | | 257700.00 |
| 19 | Benagoria Ravidastola MRPWSS | बंद | 640 | | 308100.00 |
| 20 | Sivlibari North MRPWSS | बंद | 1680 | VWSC | 216900.00 |
| 21 | Gopalpur MRPWSS | बंद | 640 | | 242400.00 |
| 22 | Guduwa MRPWSS | बंद | 1485 | | 308100.00 |
| 23 | Mangurdih MRPWSS | बंद | 1130 | VWSC | 526600.00 |
| 24 | Devli MRPWSS | बंद | 1282 | VWSC | 219200.00 |
| | कुलः | | | | 7265300.00 |

प्रस्तावित 24 जलापूर्ति योजनायें प्राक्कलित राशि 72,65,300.00 रू0 का कार्यान्वयन संबंधित ग्राम सभा से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का निर्णय न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**(iii) निरसा प्रखण्ड अन्तर्गत निरसा मध्य पंचायत के पाथरचट्टी में सामुदायिक शौचालय निर्माण** – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1, धनबाद के द्वारा निरसा प्रखंड अन्तर्गत निरसा मध्य पंचायत के पाथरचट्टी में सामुदायिक शौचालय के निर्माण हेतु 4,38,736.00 रू0 का तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन उपलब्ध कराया तथा डी0एम0एफ0टी0 से राशि विमुक्त करने का अनुरोध किया गया है। योजना ग्राम सभा से पारित नहीं है। प्राप्त प्रस्ताव को कार्यालय पत्रांक 80 दिनांक 04.07.2018 के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, निरसा से ग्राम सभा के समक्ष आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराने हेतु भेजा गया है।

प्रस्तावित शौचालय निर्माण की योजना प्राक्कलित राशि 4,38,736.00 रू0 का कार्यान्वयन संबंधित ग्राम सभा से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का निर्णय न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया।

**(iv) निरसा एवं गोविन्दपुर प्रखण्ड के 24 पेयजल विहिन विद्यालयों में ड्रिल्ड नलकूप का अधिष्ठापन** – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1, धनबाद के द्वारा दिनांक 10.07.2018 को संपन्न दिशा की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में निरसा एवं गोविन्दपुर प्रखंड अन्तर्गत 24 पेयजल विहिन विद्यालयों में ड्रिल्ड नलकूप के अधिष्ठापन हेतु 13,63,400.00 रू0 का तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन उपलब्ध कराया तथा डी0एम0एफ0टी0 से राशि विमुक्त करने का अनुरोध किया गया है। योजना ग्राम सभा से पारित नहीं है। प्राप्त प्रस्ताव को कार्यालय पत्रांक 98 दिनांक 25.07.2018 के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, निरसा एवं गोविन्दपुर से ग्राम सभा के समक्ष आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराने हेतु भेजा गया है।

प्रस्तावित 24 ड्रिल्ड नलकूपों के अधिष्ठापन की योजना प्राक्कलित राशि 13,63,400.00 रू0 का कार्यान्वयन संबंधित ग्राम सभा से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने संबंधी प्रस्ताव पर न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया।

**(v) जैप–3 कैम्पस गोविन्दपुर में पेयजलापूर्ति योजना** – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1, धनबाद के द्वारा जैप–3 कैम्पस गोविन्दपुर में किये गये सफल डीप बोरिंग में पम्प मोटर लगाने एवं पाईप लाईन कार्य हेतु 5,49,077.00 रू0 का तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन उपलब्ध कराया तथा डी0एम0एफ0टी0 से राशि विमुक्त करने का अनुरोध किया गया है। योजना ग्राम सभा से पारित नहीं है।

न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्तावित जलापूर्ति योजना प्राक्कलित राशि 5,49,077.00 रू0 का कार्यान्वयन संबंधित ग्राम सभा से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का प्रस्ताव पारित किया गया।



Scanned by CamScanner

(vi) **नगर निगम क्षेत्र के पेयजल योजनाओं का प्रस्ताव** – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1, धनबाद / नगर आयुक्त, नगर निगम, धनबाद के द्वारा नगर निगम क्षेत्र के 5 जलापूर्ति योजनाओं का तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है तथा डी0एम0एफ0टी0 से राशि विमुक्त करने का अनुरोध किया गया है। प्रस्तावित योजनायें नगर निगम के बोर्ड से पारित नहीं है। योजना निम्नवत है–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | पी0एम0सी0एच0 परिसर में जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़िकारण का कार्य | 21,56,700.00 |
| 2 | अधिष्ठान अग्निशाम, धनबाद के कैम्पस में सम्प एवं पम्प की व्यवस्था से संबंधित कार्य | 14,65,600.00 |
| 3 | होटल स्काईलार्क से शक्ति भवन तक 200 एम0एम0 व्यास का पाईप लाईन का विस्तारीकरण का कार्य | 11,10,000.00 |
| 4 | ओजोन प्लाजा से जैन मंदिर शास्त्री नगर तक 100 एम0एम0 व्यास का पाईप लाईन का विस्तारीकरण का कार्य | 7,55,200.00 |
| 5 | गांधी रोड, हल्दी पट्टी, लोहार मोहल्ला धनबाद में नये पाईप लाईन विस्तार का कार्य | 79,150.00 |
| | कुलः | 55,66,650.00 |

प्रस्तावित 5 जलापूर्ति योजना प्राक्कलित राशि 55,66,650.00 रू0 का कार्यान्वियन नगर निगम के बोर्ड से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का निर्णय न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति लिया गया।

## (3) पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2, धनबाद से प्राप्त प्रस्ताव –

(i) **धनबाद/बलियापुर/पूर्वी टुण्डी/टुण्डी/तोपचांची एवं बाघमारा प्रखंड के बंद नलकूपों को चालू करने की योजना** – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2, धनबाद के द्वारा धनबाद/बलियापुर/पूर्वी टुण्डी/टुण्डी/तोपचांची एवं बाघमारा प्रखंड के प्रति पंचायत 5 अदद बन्द पड़े नलकूपों के पाईपों को बदलकर चालू किये जाने हेतु डी0एम0एफ0टी0 निधि से राशि विमुक्त करने का अनुरोध किया गया है तथा कुल 750 नलकूपों की मरम्मति हेतु 77,90,250.00 रू0 का प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है। योजनायें ग्राम सभा से पारित नहीं है।

**योजना की विवरणी निम्नवत है –**

| क्र0 | प्रखंड का नाम | पंचायतों की संख्या | प्रति पंचायत 5 अदद सड़े राईजर पाईप के कारण बंद नलकूपों को चालु किये जाने हेतु संख्या | प्राक्कलित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धनबाद | 12 | 12x5= 60 Nos. | Rs. 10387.00x60= 623220.00 | DMFT BLOCK |
| 2 | बलियापुर | 23 | 23x5= 115 Nos. | Rs. 10387.00x115= 1194505.00 | DMFT BLOCK |
| 3 | पूर्वी टुण्डी | 9 | 9x5= 45 Nos. | Rs. 10387.00x45= 467415.00 | NON DMFT |
| 4 | टुण्डी | 17 | 17x5= 85 Nos. | Rs. 10387.00x85= 882895.00 | NON DMFT |
| 5 | तोपचांची | 28 | 28x5= 140 Nos | Rs. 10387.00x140= 1454180.00 | 6 panchayats in DMFT |
| 6 | बाघमारा | 61 | 61x5= 305 Nos | Rs. 10387.00x140= 3168035.00 | DMFT BLOCK |
| | कुलः | 150 | 750 Nos. | 7790250.00 | |

पूर्वी टुण्डी एवं टुण्डी प्रखंड डी0एम0एफ0टी0 में शामिल नहीं है तथा तोपचांची प्रखंड के छः पंचायत (1) रामाकुण्डा (2) जीतपुर (3) हरिहरपुर (4) गेन्दनवाडीह (5) सिंहदाहा एवं (6) ब्राम्हणडीहा पंचायत ही डी0एम0एफ0टी0 मे शामिल हैं।

प्रस्तावित 150 पंचायतों में 48 पंचायत जो डी0एम0एफ0टी0 में शामिल नहीं है को छोड़कर शेष 102 पंचायतों के 510 नलकूपों का पाईप बदलने की योजनायें प्राक्कलित राशि 52,97,370.00 रू0 का कार्यान्वियन संबंधित ग्राम सभा से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का प्रस्ताव न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

(ii) **बलियापुर प्रखंड के ग्राम / पंचायत में पाईप पेयजलापूर्ति योजना** – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2, धनबाद के द्वारा बलियापुर प्रखंड के ग्राम/पंचायत में पाईप जलापूर्ति योजना के कार्यान्वयन हेतु 7453.73 लाख रू0 का तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन उपलब्ध कराया तथा डी0एम0एफ0टी0 निधि से कार्यान्वियन हेतु प्रबंधकीय समिति / न्यास परिषद से पारित कराने का अनुरोध किया गया है। योजना सभी ग्रामों के ग्राम सभा से पारित नहीं है।



Scanned by CamScanner

प्रस्तावित जलापूर्ति योजना प्राक्कलित राशि 7453.73 लाख रू0 का कार्यान्वयन संबंधित सभी ग्राम सभा से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का प्रस्ताव न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

(iii) **गोपीनाथडीह ग्रामीण जलापूर्ति योजना से लालपुर फुटहा ग्राम तक पाईप लाईन विस्तारीकरण कार्य** – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2, धनबाद के द्वारा धनबाद प्रखंड के गोपीनाथडीह ग्रामीण जलापूर्ति योजना से लालपुर फुटहा ग्राम तक पाईप लाईन विस्तारीकरण कार्य के कार्यान्वयन हेतु 20,38,147 लाख रू0 का तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है तथा डी0एम0एफ0टी0 निधि से कार्यान्वयन हेतु स्वीकृति देने का अनुरोध किया गया है। योजना ग्राम सभा से पारित है।

प्रस्तावित जलापूर्ति योजना प्राक्कलित राशि 20,38,147.00 रू0 का कार्यान्वयन डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का प्रस्ताव न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## (4) पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल , धनबाद से प्राप्त प्रस्ताव –

(i) **महुदा बाजार ग्रामीण जलापूर्ति केन्द्र के इलेक्ट्रो–मेकनिकल अवयवों की मरम्मति** – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, धनबाद के द्वारा महुदा बाजार ग्रामीण जलापूर्ति केन्द्र के इलेक्ट्रो–मेकनिकल अवयवों की मरम्मति हेतु 2,73,00.00 रू0 का तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन उपलब्ध कराया तथा डी0एम0एफ0टी0 से राशि विमुक्त करने का अनुरोध किया गया है। योजना ग्राम सभा से पारित नहीं है। प्राप्त प्रस्ताव को कार्यालय पत्रांक 1376 दिनांक 25.07.2018 के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाघमारा से ग्राम सभा के समक्ष आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराने हेतु भेजा गया है।

प्रस्तावित योजना प्राक्कलित राशि 2,73,00.00 रू0 का कार्यान्वयन संबंधित ग्राम सभा से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का निर्णय न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया।

(ii) **कुलटांड ग्रामीण जलापूर्ति केन्द्र के इलेक्ट्रो–मेकनिकल अवयवों की मरम्मति** – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, धनबाद के द्वारा कुलटांड ग्रामीण जलापूर्ति केन्द्र के इलेक्ट्रो–मेकनिकल अवयवों की मरम्मति हेतु 1,99,800.00 रू0 का तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन उपलब्ध कराया तथा डी0एम0एफ0टी0 से राशि विमुक्त करने का अनुरोध किया गया है। योजना ग्राम सभा से पारित नहीं है। प्राप्त प्रस्ताव को कार्यालय पत्रांक 1727 दिनांक 28.08.2018 के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाघमारा से ग्राम सभा के समक्ष आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराने हेतु भेजा गया है।

प्रस्तावित योजना प्राक्कलित राशि 1,99,800.00 रू0 का कार्यान्वयन संबंधित ग्राम सभा से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का निर्णय सर्वसम्मति से न्यास परिषद द्वारा पारित किया गया।

(5) **बलियापुर प्रखंड के प्रधानखंता अन्तर्गत छाताकुल्ही बस्ती के पास मानव रहित रेलवे फाटक के निकट Sub-way निर्माण** – श्री फूलचन्द मंडल, माननीय विधायक, सिन्दरी विधानसभा क्षेत्र के द्वारा प्रस्तावित योजना बलियापुर प्रखंड के प्रधानखंता अन्तर्गत छाताकुल्ही बस्ती के पास मानव रहित रेलवे फाटक के निकट Sub-way निर्माण योजना की प्राक्कलित राशि 4.14 करोड़ रू0 (Sr. Divisional Engineer(Co-od), East Central Railway Dhanbad द्वारा प्रतिवेदित) डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का अनुरोध किया गया है। योजना ग्राम सभा से पारित नहीं है। प्राप्त प्रस्ताव को कार्यालय पत्रांक 136 दिनांक 20.08.2018 के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, बलियापुर से ग्राम सभा के समक्ष आवश्यक कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराने हेतु भेजा गया है।

Sub-way निर्माण की योजना प्राक्कलित राशि 4.14 करोड़ रू0 का कार्यान्वयन संबंधित ग्राम सभा से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का प्रस्ताव न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

Scanned by CamScanner

## (6) प्रबधकीय समिति से पारित घटनोत्तर स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव–

### (क) दिनाक 16.08.2017 को संपन्न प्रबंधकीय समिति में पारित प्रस्ताव

#### (i) निरसा प्रखंड को ओ0डी0एफ0 करने का प्रस्ताव –

दिनांक 16.08.2017 को संपन्न प्रबंधकीय समिति की बैठक में डी0एम0एफ0टी0 की निधि से निरसा प्रखंड को ओ0डी0एफ0 करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है तथा इसे स्वीकृति हेतु न्यास परिषद के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया है। साथ ही पारित प्रस्ताव के अनुसार नियमानुसार राशि की विमुक्ति का प्रस्ताव को समिति द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया है।

निरसा प्रखंड को ओ0डी0एफ0 करने के प्रस्ताव की घटनोत्तर स्वीकृति न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रदान किया गया।

#### (ii) एग्यारकुण्ड प्रखंड को ओ0डी0एफ0 करने का प्रस्ताव –

दिनांक 16.08.2017 को संपन्न प्रबंधकीय समिति की बैठक में डी0एम0एफ0टी0 की निधि से एग्यारकुण्ड प्रखंड को ओ0डी0एफ0 करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है तथा इसे स्वीकृति हेतु न्यास परिषद के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया है। साथ ही पारित प्रस्ताव के अनुसार नियमानुसार राशि की विमुक्ति का प्रस्ताव को समिति द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया है।

एग्यारकुण्ड प्रखंड को ओ0डी0एफ0 करने के प्रस्ताव की घटनोत्तर स्वीकृति न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रदान किया गया।

### (ख) दिनाक 11.06.2018 को संपन्न प्रबंधकीय समिति में पारित प्रस्ताव

#### (i) निरसा, एग्यारकुण्ड, बलियापुर तथा बाघमारा प्रखंड मुख्यालय तथा सार्वजनिक स्थलों में सामुदायिक शौचालय के निर्माण की स्वीकृति का प्रस्ताव –

प्रखंड विकास पदाधिकारी, निरसा/एग्यारकुण्ड/बलियापुर/बाघमारा से प्रखंड मुख्यालय तथा सार्वजनिक स्थलों में सामुदायिक शौचालय निर्माण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जिसे संबंधित ग्राम सभा से पारित किया गया है।

**योजना की विवरणी निम्नवत है –**

| क्र0 | योजना का नाम | पंचायत का नाम | प्रखंड | प्राक्कलित राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निरसा प्रखण्ड परिसर में सामुदायिक शौचालय का निर्माण (पुरूष एवं महिला के लिए अलग–अलग) | भमाल | निरसा | 3389800.00 | पुरूष एवं महिला के लिए अलग–अलग शौचालय निर्माण हेतु मानक प्राक्कलन (2X16,94,900) के आधार पर प्राक्कलित राशि अंकित की गई है। |
| 2 | गोगना स्पोर्टस होस्टल के पास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण (पुरूष एवं महिला के लिए अलग–अलग) | कालीमाटी | एग्यारकुण्ड | 3389800.00 | |
| 3 | नवनिर्माणाधीन प्रखण्ड के समिप सामुदायिक शौचालय का निर्माण (पुरूष एवं महिला के लिए अलग–अलग) | गोपालपुर | एग्यारकुण्ड | 3389800.00 | |
| 4 | मैथन बोट घाट में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण (पुरूष एवं महिला के लिए अलग–अलग) | कालीपहाड़ी उत्तर | एग्यारकुण्ड | 3389800.00 | |
| 5 | बलियापुर प्रखंड परिसार में सामुदायिक शौचालय निर्माण (पुरूष एवं महिला के लिए अलग–अलग) | भिखराजपुर | बलियापुर | 3389800.00 | |
| 6 | बाघमारा प्रखण्ड मुख्यालय में सामुदायिक शौचालय निर्माण(पुरूष एवं महिला के लिए अलग–अलग) | लुतीपहाड़ी | बाघमारा | 3389800.00 | |
| | कुलः | | | 20338800.00 | |



Scanned by CamScanner

प्रबंधकीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से न्यास परिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रस्तावित 6 स्थलों सामुदायिक शौचालय (पुरूष एवं महिला के लिए अलग–अलग) निर्माण की योजनायें प्राक्कलित रा 2,03,38,800.00 के कार्यान्वयन की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्तावित 6 स्थलों पर सामुदायिक शौचालय (पुरूष एवं महिला के लिए अलग–अलग) निर्माण की योजनायें प्राक्कलित राशि 2,03,38,800.00 की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(ii) लोदना, जयरामपुर एवं बरारी क्षेत्र में पीट वाटर के माध्यम से जलापूर्ति योजना की स्वीकृति का प्रस्ताव–**

नगर आयुक्त, नगर निगम, धनबाद का पत्रांक 516 दिनांक 17.04.2018 द्वारा नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत लोदना, जयरामपुर एवं बरारी क्षेत्र में कोल पीट वाटर सप्लाई स्कीम के तहत घर–घर जलापूर्ति हेतु राशि की मांग की गयी है। उन्होंने प्रतिवेदित किया है कि उपरोक्त योजना का प्राक्कलन Jusco Jamshedpur के द्वारा प्रस्तुत किया गया है जिसकी प्राक्कलित राशि 61.25 करोड़ रू0 है। यह योजना महापौर की अध्यक्षता में दिनांक 19.03.2018 को संपन्न बोर्ड की बैठक में एजेंडा सं0–7 के अंतर्गत पारित है।

नगर आयुक्त, नगर निगम, धनबाद का पत्रांक 516 दिनांक 17.04.2018 के आलोक में प्रबंधकीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से उपरोक्त योजना प्राक्कलित राशि 61.25 करोड़ रू0 को पारित किया गया तथा इसे न्यास परिषद से घटनोत्तर स्वीकृति की प्रत्याशा में डी0एम0एफ0टी0 निधि से कार्यान्वयन कराने का निर्णय लिया गया है।

न्यास परिषद द्वारा प्रस्तावित योजना प्रा0 राशि 61.25 लाख रू0 की घटनोत्तर स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान किया गया।

**(iii) पाण्डरकनाली पंचायत में 16 पेयजल योजनाओं की स्वीकृति–**

माननीय विधायक, धनबाद श्री राज सिन्हा के अनुशंसा पर धनबाद प्रखंड अंतर्गत पाण्डरकनाली पंचायत के ग्राम सभा से पारित कुल 16 पेयजलापूर्ति योजनायें जिसका प्रस्ताव पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1, धनबाद से प्राप्त है।

योजना निम्नवत है–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि |
|---|---|---|
| 1 | Supplying and laying of DI pipe from Near Shiv Mandir New Drip Fourty Dhaura to Rajendra Singh House under D.W.&S. Division No.1, Dhanbad | 397768.00 |
| 2 | Supplying and laying of DI pipe from near Sanskriti Club to Ravi Ranjan Singh House under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 487283.00 |
| 3 | Supplying and laying of DI pipe from Shahid Khan house to Kailu House via Hanif house under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 397768.00 |
| 4 | Supplyig and laying of DI pipe from Behind Sanskritk Club Khapra Dhaura to Dilip Hari house under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 397770.00 |
| 5 | Supplying and laying of DI pipe from Chandani Chowk to Kedar Pandey house under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 397770.00 |
| 6 | Supplying and laying of DI pipe from Imambara Coke Plant to Panchayat Sachivalay under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 243696.00 |
| 7 | Supplying and laying of DI Pipe from Kudus Chai Dukan to Neam Dhaura under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 333210.00 |
| 8 | Supplying and laying of DI Pipe from Botal Paswan Dukan to Kharo Mohalla near Jitendra Saw House under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 487280.00 |
| 9 | Spplying and laying of DI pipe from New Drip Tweleve Number Jamua Paswan house to Rajendra Paswan House under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 243696.00 |
| 10 | Supplying and laying of DI pipe from Sashi Paswan house to Man Singh Mohalla via Anganbari under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 243696.00 |
| 11 | Supplying and laying of DI pipe from Amzad Khan House to Shamshad Khan house under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 243700.00 |
| 12 | Supplying and laying of DI Pipe from Pappu Taylor Dukan Hari Patti Pandarkanali to Lakhnawi Patti via Ramachandra Singh House under under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 333210.00 |
| 13 | Supplying and laying of DI Pipe from Imambara Coke Plant to Upper Dhaura under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 243696.00 |
| 14 | Supplying and layng of DI Pipe from Opposite Durga Mandir to Brizbhushan Prasad House under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 243696.00 |
| 15 | Supplying and laying of DI Pipe from New Drip Durga Mandir to Suresh Yadav house under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 517568.00 |
| 16 | Supplying and laying of DI Pipe from New Drip Near Rama Shankar Srivastav House to Raj Kishore Mali house under D.W.& S. Division No.1, Dhanbad | 154181.00 |
| | TOTAL: | 5365988.00 |



Scanned by CamScanner

प्रबंधकीय समिति द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1, धनबाद द्वारा प्रस्तावित सभी 16 योजनायें प्राक्कलित राशि 53,65,988.00 रू0 का कार्यान्वयन न्यास परिषद से घटनोत्तर स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए सर्वसम्मति से डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का निर्णय लिया गया है।

न्यास परिषद द्वारा प्रस्तावित 16 योजनायें प्राक्कलित राशि 53,65,988.00 रू0 की स्वीकृति के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**(iv) एग्यारकुण्ड प्रखंड अंतर्गत पानी टंकी से गलफरबाड़ी मोड़ तक Shifting of 200 MM dia pipeline (CI) बिछाने की योजना के प्राक्कलित राशि की स्वीकृति –**

दिनांक 26.03.2017 को संपन्न खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के न्यास परिषद की बैठक में एग्यारकुण्ड प्रखंड अंतर्गत पानी टंकी से गलफरबाड़ी मोड़ तक Shifting of 200 MM dia pipeline (CI) बिछाने की योजना अनुमानित प्राक्कलित राशि 20.00 लाख रू0 हेतु पारित है जबकि योजना की वास्तवित प्राक्कलित राशि 34.70605 लाख है। योजना के कार्यान्वयन हेतु घटनोत्तर स्वीकृति की प्रत्याशा में 34.70605 लाख रू0 विमुक्त किया जा चुका है।

प्रबंधकीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से योजना के प्राक्कलन 34.70605 लाख रू0 की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान किया गया।

न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया।

**(ग) दिनाक 01.08.2018 को संपन्न प्रबंधकीय समिति में पारित प्रस्ताव**

**(i) नगर निगम धनबाद से प्राप्त योजना की स्वीकृति का प्रस्ताव–**

नगर आयुक्त, धनबाद नगर निगम, धनबाद से प्राप्त पत्रांक 870 एवं 869 दिनांक 10.07.2018 के माध्यम से दिनांक 14.06.2018 को संपन्न नगर निगम के स्थायी समिति की बैठक के कंडिका 4 एवं दिनांक 11.05.2018 को संपन्न नगर निगम के स्थायी समिति की बैठक के कंडिका 7 में पारित दो जलापूर्ति योजनाओं का कार्यान्वयन पेयजल एवं स्वच्छता प्रमडल सं0–1, धनबाद के माध्यम से डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने हेतु राशि की अधियाचना की गयी है ।

योजना से संबंधित विवरणी निम्नवत है –

| क्र0 | कार्य का नाम | तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलित राशि | ऐजेंसी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | Supplying and laying of D.I. Pipe from police line ESR to Simaldih Telipara, Dhanbad under D.W & S. Division No.1, Dhanbad | 41,04,551.00 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–1, धनबाद |
| 2 | Supplying and laying of D.I. Pipe from Old Dhanbad Municipal Corporation office to Bhagyodya Building under D.W. & S. Division No.1, Dhanbad | 13,74,563.00 | पेयजल एवं स्वच्छता प्र0–1, धनबाद |
| | कुल: | 5479114.00 | |

प्रबंकीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से न्यास परिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में नगर निगम के स्थायी समिति से पारित प्रस्तावित दोनो जलापूर्ति योजना कुल प्राक्कलित राशि 54,79,114.00 की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी तथा योजनाओं का कार्यान्वयन डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने निर्णय लिया गया है।

न्यास परिषद द्वारा 2 योजनायें प्रा0 राशि 54,79,114.00 रू0 की घटनोत्तर स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**(ii) तोपचांची प्रखंड की योजना –**

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय, माननीय सांसद से प्राप्त पत्रांक 346 / 18 दिनांक 04.06.2018, पत्रांक 415 / 18 दिनांक 15.06.2018 एवं पत्रांक 470 / 18 दिनांक 10.07.2018 द्वारा डी0एम0एफ0टी0 निधि से तोपचांची प्रखंड के ब्राम्हणडीह एवं सिंहदाहा पंचायत में पेयजल योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अनुशंसा प्राप्त है ।

**योजना की विवरणी निम्नवत है –**

| क्र0 | योजना का नाम | पंचायत का नाम | प्रखंड | प्राक्कलित राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्राम्हणडीहा पंचायत के ग्राम ब्राम्हणडीहा तेली टोला में डीप बोरिंग कर मोटर पम्प 5000 लीटर क्षमता का पी0भी0सी0 टैंक एवं पाईप लाईन द्वारा जलापूर्ति योजना | ब्राम्हणडीहा | तोपचांची | 607142.00 | ग्राम सभा की कार्यवाही अप्राप्त |



Scanned by CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | ब्राम्हणडीहा पंचायत ग्राम सिधाबाद में हरि मंदिर के पास डीप बोरिंग कर मोटर पम्प 5000 लीटर क्षमता का पी0भी0सी0 टैंक एवं पाईप लाईन द्वारा जलापूर्ति योजना | बाम्हणडीहा | तोपचांची | 698246.00 | ग्राम सभा के कार्यवाही अप्राप्त |
| 3 | सिंहदाहा पंचायत ग्राम सिरसागढ़ा में डीप बोरिंग कर मोटर पम्प 5000 लीटर क्षमता का पी0भी0सी0 टैंक एवं पाईप लाईन द्वारा जलापूर्ति योजना | सिंहदाहा | तोपचांची | 854967.00 | ग्राम सभी की कार्यवाही प्राप्त है |
| | कुलः | | | 2160355.00 | |

प्रबंधकीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से न्यास परिषद से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रस्तावित 3 जलापूर्ति योजनायें प्राक्कलित राशि 21,60,355.00 रू0 की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी तथा योजनाओं का कार्यान्वयन संबंधित ग्राम सभा से पारित कार्यवाही की प्रति प्राप्त होने पर डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का निर्णय लिया गया है।

न्यास परिषद द्वारा 3 योजनाओं प्राक्कलित राशि 21,60,355.00 रू0 की घटनोत्तर स्वीकृति के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**(7) अन्यान्य –**

(i) **स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था का सुदृढ़िकरण** – स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था के सुदृढ़िकरण हेतु चिकित्सकों के लगभग 55 रिक्त पदों के विरूद्ध अनुबंध पर (DMFT के तहत) चिकित्सकों की नियुक्ति का प्रस्ताव।

न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से लगभग 55 रिक्त पदों के विरूद्ध अनुबंध पर (DMFT के तहत) चिकित्सकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को पारित किया गया।

(ii) गोविन्दपुर प्रखंड के जंगलपुर पंचायत में फुटवियर निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम जो कि ग्राम–सभा से पारित है। सामग्री मद कुल (3,35,131+83,780)= 4,18,911.00 का भुगतान डी0एम0एफ0टी0 निधि से करने का प्रस्ताव।

न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से फुटवियर निर्माण से संबंधित 4,18,911.00 रू0 के विपत्र का भुगतान डी0एम0एफ0टी0 निधि से करने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

(iii) बहुउद्देशीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण का प्रस्ताव – जिला के अन्दर बेरोजगार महिलाओं/पुरूषों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने हेतु एक बहुउद्देशीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने का प्रस्ताव।

न्यास परिषद द्वारा सर्वसम्मति से एक बहुउद्देशीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण डी0एम0एफ0टी0 निधि से कराने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| 19/9/18<br>जिला खनन पदाधिकारी,<br>धनबाद। | 19/09/18<br>उप विकास आयुक्त,<br>धनबाद। | 30/9/18<br>उपायुक्त –सह– अध्यक्ष,<br>डी0एम0एफ0टी0,धनबाद। |

ज्ञापांक– 166 दिनांक– 01-10-2018

प्रतिलिपि– सभी संबंधित पदाधिकारियों / न्यास परिषद के सभी सदस्यगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

30/9/18
उपायुक्त –सह– अध्यक्ष,
डी0एम0एफ0टी0,धनबाद।



Scanned by CamScanner